# <u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

**दिनांकः 09.01.2026**

राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार द्वारा स्थानीय निर्वाचनों में किए गए तकनीकी नवाचारों तथा निर्वाचन की सम्पूर्ण प्रक्रिया का अध्ययन करने के लिए सिक्किम के माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त, श्री के॰सी॰ लेप्चा, अन्य पदाधिकारी एवं आईटी टीम बिहार के दौरे पर आए हैं। इस दौरान उन्होंने बिहार में बदलती चुनावी प्रक्रिया और तकनीकी विस्तार का गहन अवलोकन किया, जिसमें समस्त निर्वाचन प्रक्रिया के पूर्ण डिजिटलीकरण, बायोमेट्रिक/एफ॰आर॰एस द्वारा मतदाता का सत्यापन, ईवीएम से मतदान, मतदान केंद्र/ब्रजगृह/मतगणना केन्द्रों का वेबकास्टिंग के माध्यम से लाईव मॉनिटरिंग, ब्रजगृह में डिजिटल लॉक, ओसीआर (ऑप्टिकल कैरक्टर रिकोग्निशन) से मतगणना, जी॰आई॰एस मैपिंग, ई-वोटिंग के साथ-साथ सम्पूर्ण प्रक्रिया के प्रचार-प्रसार तथा जन जागरूकता की जानकारी ली। उन्होंने यह समझने का प्रयास किया कि किस प्रकार तकनीक के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया को और अधिक सरल, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाया गया है।

बिहार में लागू किए गए विभिन्न चुनावी नवाचारों और आधुनिक तकनीकी व्यवस्थाओं की सिक्किम के राज्य निर्वाचन आयुक्त ने सराहना की। उन्होंने कहा कि बिहार में चुनाव सुधारों की दिशा में किए गए प्रयास सराहनीय हैं और इससे चुनाव प्रक्रिया अधिक सुगम बनी है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि आगामी सिक्किम स्थानीय चुनावों में इस प्रकार की तकनीकी प्रक्रियाओं और नवाचारों को अपनाने पर गंभीरता से विचार किया जाएगा, तथा उन्होंने राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार से अपेक्षा जताई कि आगामी सिक्किम स्थानीय निर्वाचन में इस प्रकार के तकनीकी नवाचारों के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाये।

**संयुक्त निर्वाचन आयुक्त**
**राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार**